भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *285

दिनांक 20.03.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

महासमुंद में जल जीवन मिशन

***285. श्रीमती रूपकुमारी चौधरीः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) महासमुंद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के महासमुंद, धमतरी और गरियाबंद जिलों में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत अब तक कितने घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं; और
(ख) स्वीकृत परियोजनाओं की कुल संख्या कितनी है तथा कितने कार्य पूरे हो चुके हैं और अभी कितने कार्य पूरे होने शेष हैं?

उत्तर

जल शक्ति मंत्री
(श्री सी आर पाटिल)

(क) से (ख): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

“महासमुंद में जल जीवन मिशन” के संबंध में श्रीमती रूपकुमारी चौधरी द्वारा पूछे गए दिनांक 20.03.2025 को उत्तर हेतु नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *285 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क): राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, महासमुंद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के महासमुंद, धमतरी और गरियाबंद जिलों में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत अब तक 429503 पारिवारिक नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

(ख): 7451 पूर्ण योजना कार्यों सहित अनुमोदित परियोजनाओं की कुल संख्या 29160 है और 21709 योजना कार्य प्रगति पर है।

****